**वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद**
**अनुसंधान भवन,2,रफी मार्ग, नई दिल्ली –110001**

सं.6-9(131)/2015-विविध

दिनांक :20.06.2017

## परिपत्र

**विषय:** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, 2017- कार्यक्रम संबंधी।

तृतीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस – 2017 के उपलक्ष्य में दिनांक 21 जून, 2017 को सीएसआईआर मुख्यालय के शांतिस्वरूप भटनागर सभागार में सीएसआईआर मुख्यालय के अधिकारियों/ कर्मचारियों के लाभार्थ पूर्वाहन 11.00 बजे से अपराहन 12.15 बजे तक श्री कौशल किशोर, योगगुरु द्वारा **"योग सब के लिए"** विषय पर व्याखान और योगासन और प्राणायम पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। तत्पश्चात, अपराहन 03:00 बजे से 04.15 बजे तक स्वामी विवेकानंद योग, अनुसंधान संस्थान के प्रोफेसर रविन्द्र आचार्य द्वारा **" योग-जीवनशैली तथा कार्यक्षमता पर इसके प्रभाव"** विषय पर व्याखान तथा आसन और प्राणायम पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। दिनांक 22 तथा 23 जून, 2017 के योग कार्यक्रमों की रुपरेखा को अलग से अधिसूचित किया जाएगा।

सीएसआईआर मुख्यालय के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त तारीख एवं समय पर इस योग जागरूकता प्रशिक्षण तथा व्याखान में भाग लें।

एस०के०यादव
(एस.के.यादव)
अनुभाग अधिकारी

प्रति:

1. उपाध्यक्ष, सीएसआईआर का कार्यालय
2. महानिदेशक, सीएसआईआर का कार्यालय
3. संयुक्त सचिव, सीएसआईआर का कार्यालय
4. वित्त सलाहकार, सीएसआईआर का कार्यालय
5. मुख्य सतर्कता अधिकारी, सीएसआईआर का कार्यालय
6. सीएसआईआर मुख्यालय/ सीएसआईआर कॉम्प्लेक्स/आईपीयू/विज्ञान केन्द्र/ महारानी बाग़ गेस्ट हाउस/टीकेडीएल के सभी प्रभागाध्यक्ष/अनुभागाध्यक्ष - इस अनुरोध के साथ कि वे इस कार्यालय ज्ञापन की विषय-वस्तु को अनुपालनार्थ अपने अधीनस्थ कार्यरत स्टाफ के ध्यान में लाएं।
7. श्री डी.के. जिन्दल, कार्यपालक अभियंता तथा श्री प्रसन्ना कुमार, सहायक कार्यपालक अभियंता आवश्यक कार्रवाही हेतु।
8. सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग - इस अनुरोध के साथ कि इस परिपत्र को सीएसआईआर की वेबसाइट पर अपलोड करें।
9. परिवहन प्रभारी – कृपया योगुरुओ को उनके निवास स्थान से परिषद मुख्यालय तथा परिषद मुख्यालय से उनके निवास स्थान छोड़ने के लिए वाहन की व्यवस्था करने हेतु देखें।
10. कैंटीन मैनेजर:- कृपया 300 लोगों के लिए नारियल पानी/छाछ की व्यवस्था हेतु देखें।
11. सभी सूचना पट्ट।
12. कार्यालय प्रति।